सैन्य सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन हुए पूर्व उप थल सेनाध्यक्ष श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी

देवरिया। भारतीय सेना के पूर्व उप थल सेनाध्यक्ष और देवरिया के पूर्व सांसद लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी (93) सोमवार को पूरे राजकीय एवं सैन्य सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन हो गए। बरहज में सरयू नदी के तट पर स्थित कटइलवा मुक्तिपथ पर सेना के जवानों ने उन्हें %गार्ड ऑफ ऑनर% देकर अंतिम सलामी दी। उनके बड़े पुत्र एवं देवरिया के वर्तमान सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान %श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी अमर रहें% के श्रद्धांजलि दी और सांसद शशांक मणि त्रिपाठी सहित अन्य शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने उनके सैन्य और राजनीतिक जीवन को देशसेवा के प्रति समर्पण का अनुकरणीय उदाहरण बताया। अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब बरपार से जब उनकी अंतिम यात्रा सरयू तट के लिए निकली, तो सोनूघाट-बरहज मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और हजारों क्षेत्रीय लोगों ने नम आंखों





नारों से पूरा सरयू तट गूंज उठा। रविवार को मेदांता अस्पताल में ली थी अंतिम सांस बैतालपुर विकास खंड के बरपार गांव के मूल निवासी श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। रविवार (8 नवंबर) को सुबह करीब सवा ग्यारह बजे गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही जिले के राजनीतिक, सामाजिक और सैन्य जगत में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार सुबह जब उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव बरपार पहुंचा, तो अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लग गया। सीएम योगी ने बरपार पहुंचकर जताया शोक सोमवार की दोपहर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलीकॉप्टर से दिवंगत नेता के पैतृक गांव बरपार पहुंचे। उन्होंने श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर विनम्र से अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई दी। 1971 युद्ध के नायक और दो बार के सांसद वर्ष 1955 में भारतीय सेना में कमीशन प्राप्त करने वाले श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी का सैन्य करियर गौरवशाली रहा। उन्होंने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान बांग्लादेश मोर्चे पर अहम सैन्य कमान संभाली थी। इसके अलावा नागालैंड और मिजोरम में भी उन्होंने महत्वपूर्ण सैन्य अभियानों का नेतृत्व किया और वर्ष 1992-93 में उप थल सेनाध्यक्ष के पद तक पहुंचे। विशिष्ट सैन्य सेवाओं के लिए उन्हें अति विशिष्ट सेवा मेडल (ङ्कस्रू) और परम विशिष्ट सेवा मेडल (क्कङ्कस्रू) से अलंकृत किया गया। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने राजनीति में कदम रखा और वर्ष 1996 व 1999 में भाजपा के टिकट पर देवरिया से दो बार लोकसभा सांसद निर्वाचित हुए।

जनरल साहब को याद कर भावुक हुए रवि किशन, बोले- ईमानदारी की मिसाल थे श्रीप्रकाश मणि

देवरिया। पूर्व सांसद एवं लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे गोरखपुर के सांसद और फिल्म अभिनेता रवि किशन शुक्ला उन्हें याद कर भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि जनरल साहब का व्यक्तित्व, ईमानदारी और दूरदर्शी सोच आज के दौर में



दुर्लभ है। रवि किशन ने पुरानी यादें साझा करते हुए बताया कि वर्ष 2003 में वह इसी आवास में करीब एक महीने तक रहे थे। उस समय उनकी फिल्म की शूटिंग चल रही थी और इस दौरान उन्हें जनरल साहब का भरपूर स्नेह मिला था। आज इस आवास पर पहुंचकर उनकी 20 साल पुरानी यादें ताजा हो गईं। उन्होंने कहा कि जनरल श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी ने देवरिया जैसे पिछड़े क्षेत्र में जागरूकता, शिक्षा और विकास की नई अलख जगाई। जिले के विकास में उनका योगदान अतुलनीय रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी के प्रिय नेताओं में शामिल रहे जनरल साहब ने राजनीति में ईमानदारी की ऐसी मिसाल कायम की, जो आने वाली पीढ़ियों के सांसदों और विधायकों के लिए प्रेरणा बनी रहेगी। रवि किशन ने वर्तमान सांसद शशांक मणि त्रिपाठी को अपना भाई और साथी बताते हुए कहा कि वह भी अच्छा काम कर रहे हैं, लेकिन जनरल साहब का व्यक्तित्व अलग ही था। उन्होंने महादेव से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। इस दौरान सजनवा से भाजपा विधायक प्रदीप शुक्ला, विजय पटेल, सतपाल समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

गाड़ियों की टक्कर के विवाद में युवक को मारी थी गोली, वांछित गिरफ्तार

देवरिया। सदर कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे सोमवार को कोतवाली तिराहे के पास से दबोचा। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार, आठ नवंबर की भोर में करीब तीन बजे दो गाड़ियों की आपसी टक्कर को लेकर विवाद हो गया था। इसी विवाद के दौरान देव सिंह पुत्र नीरज सिंह को गोली लग गई थी। मामले में प्राप्त तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं (मुकदमा अपराध संख्या 788/2026) के तहत केस दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। एसपी अभिजीत आर. शंकर के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी उत्तरी आनंद कुमार पांडेय व सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुटी थी। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण राय और उपनिरीक्षक संजय कुमार पाल की टीम ने वांछित आरोपी निसार अहमद (26) पुत्र नियाज अहमद, निवासी रामनाथ देवरिया को कोतवाली तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।



यातायात माह में पुलिस का शिकंजा: 156 वाहनों का चालान, दो सीज

देवरिया। यातायात माह नवंबर के तहत मंगलवार को पुलिस ने शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। एसपी अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई में यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले 156 वाहनों का चालान किया गया, जबकि दो वाहनों को सीज कर दिया गया। यातायात पुलिस की टीम ने बस स्टैंड, सुभाष चौक और मालवीय रोड पर सड़क किनारे अवैध रूप से वाहन खड़ा कर सवारियां बैठाने वाले बस, ऑटो और ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। बस स्टैंड क्षेत्र में बिना हेलमेट, तीन सवारी और बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों के भी चालान काटे गए। अभियान के दौरान बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस और फिटनेस प्रमाण-पत्र के दौड़ रहे ऑटो व ई-रिक्शा को सीज किया गया। वहीं, वाहनों के शीशों पर लगी अवैध काली फिल्म भी उतरवाई गई। गोरखपुर रोड पर इंटरसेप्टर वाहन की मदद से तय गति सीमा से अधिक रफ्तार में फर्राटा भरने वाले वाहनों की जांच कर उनके चालान किए गए। कार्रवाई के साथ ही पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों और राहगीरों को पंपलेट बांटकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। पुलिस ने लोगों से हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और सड़क पर अवैध पार्किंग न करने की अपील की।




पूर्व सांसद ले. जनरल श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के निधन पर संस्कृत महाविद्यालय में शोक

देवरिया। श्री राधाकृष्ण संस्कृत महाविद्यालय, लक्ष्मी निवास बाग (कसया रोड) के पूर्व प्रबंधक एवं पूर्व सांसद लेफ्टिनेंट जनरल श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के निधन पर महाविद्यालय परिवार ने गहरा शोक व्यक्त किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीरभद्र द्विवेदी, शिक्षक फणींद्र मणि त्रिपाठी सहित संस्थान से जुड़े अन्य लोगों ने उनकी स्मृतियों को याद करते हुए अपनी संवेदना प्रकट की और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि महाविद्यालय के प्रति स्व. जनरल साहब की गहरी आस्था रही है और वे लंबे समय तक प्रबंधक के पद पर आसीन रहे। उनके निधन से महाविद्यालय परिवार ने अपना एक महत्वपूर्ण अभिभावक और मार्गदर्शक खो दिया है।

जिले भर की गोशालाओं में गूंजे जयकारे, विधि-विधान से हुआ गोपूजन

देवरिया। गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर मंगलवार को जनपद के समस्त गो-आश्रय स्थलों, कान्हा गोशालाओं और कांजी हाउस में भव्य गोपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पशुपालन विभाग के तत्वावधान में आयोजित इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्राम प्रधानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान गायों को माला पहनाकर व तिलक लगाकर गुड़, हरा चारा, फल और मिठाई खिलाई गई। पिपरा चंद्रभान स्थित वृहद गोसंरक्षण केंद्र में 323 गोवंशों के बीच पूर्व राज्यमंत्री नीरज शाही, ब्लॉक प्रमुख पवन कुमार गुप्ता, उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश प्रजापति, डॉ. विनोद कुमार सिंह व पशुधन प्रसार अधिकारी जितेंद्र कुमार ने पूजन किया। सुकरौली में 306 गोवंशों का पूजन ग्राम प्रधान अर्जुन मल्ल व सतीश चंद्र चौहान ने, जबकि बैकुंठपुर कांजी हाउस में 86 गोवंशों का पूजन भाजपा जिला संयोजक सचिंद्र कुमार शाही व शिवराम पति त्रिपाठी ने किया। पिपरापाती कान्हा गोशाला में 174 गोवंशों का पूजन सभासद प्रियंका वर्मा व पीयूष प्रकाश श्रीवास्तव, गौरीबाजार में 187 गोवंशों का पूजन नपं अध्यक्ष प्रदीप कुमार मद्धेशिया, डॉ. सतीश



कुमार, रामाशीष यादव व मनीष कुमार ने किया। भैंसाडाबर (पथरदेवा) में 58 गोवंशों का पूजन ग्राम प्रधान अच्छेलाल मद्धेशिया व डॉ. उदय भान वरुण तथा सोनहुला रामनगर (तरकुलवा) में 100 गोवंशों का पूजन ग्राम प्रधान ओमकार राव व डॉ. कृष्ण प्रताप सिंह ने किया। इसी क्रम में सलेमपुर कान्हा गोशाला में 30 गोवंशों का पूजन भाजपा मंडल अध्यक्ष अवनीश चंद्र मिश्रा व प्रियंका श्रीवास्तव ने, जबकि मझौलीराज में 365 गोवंशों का पूजन सभासद पिंटू चौरसिया, डॉ. वेद प्रकाश व वसीम सिद्दीकी ने किया। लार के रावतपार रघेन में 272 गोवंशों का पूजन सत्यप्रकाश सिंह व डॉ. अमित कुमार सिंह ने तथा करचों कांजी हाउस में 68 गोवंशों का पूजन जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी ने किया।गौरा बरहज में 316 गोवंशों का पूजन नपा अध्यक्ष श्वेता जायसवाल, डॉ. अजय कुमार, डॉ. कंचन लता व डॉ. अशोक कुमार पांडेय ने किया। वहीं, भाटपाररानी के भेड़ापाकड़ में 86 गोवंशों का पूजन जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सर्वेश चंद तिवारी, डॉ. सुशील कुमार व पंकज कुमार शाही ने किया। अधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गो-संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और भारतीय संस्कृति में गोमाता के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है।

वन दरोगा पर अवैध वसूली व कटान का आरोप, डीएफओ ने बैठाई जांच

देवरिया। जिले के सलेमपुर रेंज में तैनात वन दरोगा पर पेड़ों के अवैध कटान और धन वसूली जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी (डीएफओ) ने मामले की जांच के लिए अधिकारी नामित कर दिया है।डीएफओ ने बताया कि सलेमपुर निवासी ओमप्रकाश गुप्ता ने व्हाट्सएप के माध्यम से सलेमपुर रेंज में तैनात वन दरोगा शैलेंद्र कुमार के विरुद्ध शिकायत की है। शिकायत में अवैध पातन (पेड़ों की कटाई), आरा मशीनों (सॉ मिल) से कथित अवैध लेनदेन तथा काश्तकारों एवं ठेकेदारों से धन वसूली सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं। प्रभागीय निदेशक ने स्पष्ट किया कि प्रकरण की जांच के लिए अधिकारी नामित कर दिया गया है। जांच पूरी होने के बाद प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

घर पहुंच कर चौहान परिवार को सांसद ने दी सांत्वना

सलेमपुर (देवरिया)। समाजवादी पार्टी के सांसद रमाशंकर राजभर नेमा गांव में पहुंच कर पितांबर चौहान दो मासुम बच्चे सहित तीन लोगों के तलाब में डुबकर मृत्यु होने पर मृतक के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया और सरकार से नियमानुसार मिलने वाला धनराशि दिलाने का आश्वासन दिया। इसी क्रम में इटहुआ चन्दौली जोगापुर तिवारी अवधेश राजभर की मृत्यु, निपनिया में गुलाब राजभर के बेटे की मृत्यु पर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया। सांसद के साथ रामप्रकाश यादव, सांसद प्रतिनिधि सुभाष यादव, अजित यादव, सुभाष राजभर आदि लोग थे।

विवाद में घायल व्यक्ति का इलाज के दौरान मृत्यु

भाटपार रानी देवरिया स्थानीय तहसील क्षेत्र के खामपार थाना क्षेत्र के ग्राम मायापुर में दीपावली के दिन रात करीब 9 बजे दो पक्षों में हुवे विवाद में एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया जिसका बीती रात इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मायापुर निवासी राजू ठाकुर पुत्र मंटु ठाकुर पेशा से डाक्टर थे किसी कार्य से करौंदा जा रहे थे तभी कुछ लोगों ने उनके उपर हमाल कर दिया जिससे राजू ठाकुर बुरी तरह से घायल हो गए हल्ला सुनकर अगल बगल के लोग इक्कठा को गए जिनकी मदद से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने गोरखपुर रेफर कर दिया वहां से इलाज के लिए लखनऊ ले जाया जहां इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मृतक के बड़े भाई संजय ठाकुर पुत्र मंटु ठाकुर के तहरीर पर खामपार पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। जिसमे गोविंद पुत्र सुरेन्द्र कुशवाहा निवासी ग्राम करौंदा थाना खामपार, धीरज पुत्र रमेश कुशवाहा निवासी ग्राम करौंदा थाना खामपार ,ओमप्रकाश पुत्र रामाश्रय कुशवाहा निवासी ग्राम करौंदा थाना खामपार, सुनील वर्मा पुत्र जयप्रकाश वर्मा निवासी ग्राम करौंदा थाना खामपार, संतोष कुशवाहा पुत्र शारदा कुशवाहा निवासी ग्राम मायापुर थाना खामपार के खिलाफ बीएनएस की धारा 110, 191(2), 115(2) 352, 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।



लेफ्टिनेंट पद पर चयनित होकर सपनदीप सिंह ने किया जिले का नाम रोशन

भाटपार रानी देवरिया। अपना दल कमेरा वादी के जिलाध्यक्ष ब्रह्मा सिंह पटेल के बड़ी पुत्री का पुत्र ने नेवी मे लेफ्टिनेंट के पद चयनित होकर क्षेत्र का व जिले का नाम रोशन किया है । बतादे ब्रह्मा सिंह पटेल के नाती बड़ी बेटी सरोज का बेटा का चयन लगातार 6 दिन के अथक लिखित एवं मौखिक परीक्षाओं को पास करने के उपरांत नेवी में लेफ्टिनेंट पद पर चयन आज संपन्न हो गया मैं अपने नाती और उसके माता-पिता को धन्यवाद स्थापित करता हूं और अपने लोगों से उसके मनोबल वृद्धि के लिये आने को लोगों ने उन्हें बधाइयां दी , बदायूं के क्रम में अपना डाल सक राष्टीय सचिव युवा मंच डॉक्टर अखिलेश पटेल पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल पटेल तथा आने को कमेरा वादी के पदाधिकारीयों ने उन्हें बधाइयां दी सभी लोगो ने उन्हें बधाइयां व शुभकामनाएं दी ।



जूते-चप्पल की दुकान में लगी आग, 16 लाख का नुकसान

खुखुन्दू (देवरिया)। क्षेत्र के बैकुण्ठपुर बाजार में जूते-चप्पल की दुकान में आग लग गई। आग में करीब 16 लाख रुपये का सामान और नकदी जलकर राख हो गया। फायर सर्विस की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।क्षेत्र के निवासी राम भरोसा चौरसिया की बैकुण्ठपुर में करीब 30 वर्ष से जूते-चप्पल की दुकान चल रही है। सोमवार रात करीब 9 बजे दुकान में अचानक आग लग गई। आसपास के लोगों ने आग की लपटें देखकर दुकानदार को सूचना दी।राम भरोसा चौरसिया और स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैलती गई और पूरी दुकान उसकी चपेट में आ गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जल चुका था।दुकानदार के मुताबिक आग में करीब 11 लाख रुपये के जूते-चप्पल और अन्य सामान जल गए। दुकान में लगी करीब 4 लाख 50 हजार रुपये की प्लाई और शीशा भी जल गया। इसके अलावा गल्ले में रखे 75 हजार रुपये नकद भी आग की चपेट में आ गए। इस तरह कुल करीब पौने 16 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस और फायर विभाग मामले की जांच कर रहा है।

मिशन 2027 की तैयारी में जुटी सपा

सलेमपुर (देवरिया)। मिशन 2027 की? तैयारियों के तहत समाजवादी पार्टी ने संगठन को मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। सोमवार को सिंचाई विभाग के डाक बंगले पर आयोजित विधानसभा की मासिक बैठक में विधानसभा चुनाव की रणनीति, संगठन विस्तार, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर अभियान पर चर्चा हुई। बैठक में पूर्व विधायक स्वामीनाथ यादव ने कहा कि बूथ लेबल एजेंट बीएलए और कार्यकर्ताओं से 21, 22, 28 व 29 नवम्बर को निर्धारित विशेष अभियान दिवसों पर अपने अपने बुथो पर सक्रिय रहें। पूर्व विधायक मनबोध प्रसाद ने कहा कि मतदाता सूची में नए नाम जुड़वाने के लिए फार्म 6, हटवाने के लिए फार्म 7 और नाम पता फोटो परिवर्तन कराने के लिए फार्म 8 भरवाने में सहयोग करें। ओ पी यादव ने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर सत्यापन करें ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने से वंचित न रह जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरेराम यादव एवं संचालन मंजूर आलम महसजिव ने किया। बैठक में स्वामीनाथ यादव, मनबोध प्रसाद, पूर्व विधायक, ओपी यादव, भीम सिंह, रामनरायण यादव, रामप्रकाश यादव, विजय यादव हरे राम यादव, मंजूर आलम , मालवीय प्रसाद निर्मल, रंजना भारती, प्रमोद गौतम, विमलेश पाल, प्रभा भारती, मनोज लारी, सोनू पांडेय ,पवन प्रधान, प्रज्ञानंद चौधरी , सतेन्द्र यादव, पवन यादव, पंकज श्रीवास्तव, चंद्रपाल यादव, राम अधार यादव, राजकुमार गौण, अरबिंद गौण, अमरनाथ यादव, गोरख यादव, सौरभ यादव, धिरेन्दर सिंह, अवधेश यादव, बलिस्टर यादव, अवधेश गौण, मुकेश राजभर, अविनाश, गोलु यादव, सुखदेव यादव, मुन्ना यादव, अरशद सिद्दीकी, प्रदीप यादव, राम आशीष कनौजिया, हिरा यादव, मान सिंह, भगवान यादव, टुन्नु वर्मा, सुरेन्द्र यादव, रणविजय निगम, शेषनाथ आदि लोग उपस्थित थे।

पेंशनर्स कल्याण संस्था की बैठक कल

देवरिया। उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था की मासिक बैठक की तिथि में बदलाव किया गया है। 11 नवंबर को गोवर्धन पूजा का अवकाश होने के कारण अब यह बैठक अगले दिन यानी 12 नवंबर (गुरुवार) को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर्स कल्याण संस्था भवन में होगी। संस्था के अध्यक्ष श्रीराम त्रिपाठी, मंत्री लालसा यादव, कोषाध्यक्ष शिवदत्त पाठक, संयुक्त मंत्री दिग्विजय नाथ सिंह व प्रचार मंत्री अशोक कुमार कुशवाहा ने संयुक्त रूप से यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में पिछली कार्यवाही की पुष्टि, पेंशनर्स की प्रमुख समस्याओं, सरकार की नीतियों, संगठन को मजबूत करने और सदस्यता अभियान बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, वाटरपंप और गेहूं बरामद

सोहनपुर,देवरिया। बनकटा थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी का एक वाटरपंप और दो प्लास्टिक की बोरियों में रखा गेहूं बरामद किया है।पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर बनकटा पुलिस ने सोहनपुर ओवरब्रिज के पास से मुकदमा अपराध संख्या 261/2026, धारा 303(2), 317(2) बीएनएस से संबंधित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दुर्गेश गुप्ता (24) पुत्र सिंहासन गुप्ता और सूरज कन्नौजिया (19) पुत्र सिद्धू कन्नौजिया, दोनों निवासी नोनार पाण्डेय, थाना बनकटा, जनपद देवरिया के रूप में हुई है।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ।ड्ड्रश्वस्स्र ड्डह्लह्लद्ध 1 क्चह्म्स्श्च 1।।क्क का एक वाटरपंप तथा दो प्लास्टिक की बोरियों में रखा चोरी का गेहूं बरामद किया। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने अग्रिम आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी दुर्गेश गुप्ता का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ बनकटा थाने में वर्ष 2022 में धारा 323, 427, 506 भादवि तथा वर्ष 2026 में धारा 115(2), 126(2), 351(3) बीएनएस के तहत मुकदमे दर्ज हैं।

गल्ला व्यापारी की करंट की चपेट में आने से मौत

पथरदेवा(देवरिया)। बघौचघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवघाट निवासी हरिओम(24)पुत्र रामेश्वर गल्ला खरीदने और बेचने का कार्य करता था अपना पिकप पर धान लोद कराने गया था वाहन के ऊपर से गुजर रही ग्यारह हजार बोल्ट हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से वह गम्भीर रूप से धायल हो गया। परिजन उपचार के लिए देवरिया मेडिकल कालेज पहुंचाया चिकित्सकों ने मृत्यु घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस घटना से गांव में मातम छाया हुआ है।



मोदी एवं योगी सरकार में युवा खिलाड़ी अपने भविष्य को उज्ज्वल कर रहे है-सूर्य प्रताप शाही

पथरदेवा(देवरिया) प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि मोदी एवं योगी सरकार में युवा खिलाड़ी अपने भविष्य को उज्ज्वल कर रहे है। प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के अन्तर्गत बंजरिया महोत्सव के अवसर पर आयोजित कुश्ती कार्यक्रम पर बतौर मुख्य अतिथि उपरोक्त उद्गार व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सन् 1970 से मैं बंजरिया में गोवर्धन पूजा के अवसर पर आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता के कार्यक्रम में आता हूँ उस समय बंजरिया क्षेत्र के सड़कों से धूल उड़ रहा था जब भी



मुझे सेवा करने का अवसर मिला तो बंजरिया क्षेत्र के विकास के लिए लगा रहा। वर्तमान समय में ग्राम पंचायत बंजरिया के अन्तर्गत सड़कों का जाल फैला हुआ है साथ ही पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण हुआ है इसके अतिरिक्त मोदी एवं योगी सरकार में अनेक विकास कार्य धरातल पर हुआ है। श्री शाही ने कहा कि कुश्ती ग्रामीण क्षेत्र के सस्ती लोकप्रिय माटी का खेल है। ग्रामीण क्षेत्र में वर्तमान समय में माटी में ही कुश्ती का आयोजन होता है लेकिन अब शहरी क्षेत्र में कुश्ती गद्दा पर होने लगा है। उन्होंने कहा कि मोदी एवं योगी सरकार में गांव से लेकर शहर तक विकास ही विकास की योजना चल रही है यहॉ तक अब गांव शहर जैसा चमकने लगा है। विधानसभा पथरदेवा के पूर्व प्रत्याशी भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज वर्मा ने कहा कि मैं अपने आप को सौभाग्यशाली समझ रहा हूँ कि कुश्ती के आयोजकों में मुझे कुश्ती के अखाड़े पर सम्मानित करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यदि नेतृत्व मुझे उम्मीदवार घोषित किया तो कार्यकर्ताओं के बलबूते पर चुनाव लड़ूँगा। विकास खण्ड पथरदेवा के वार्ड नं02 जिला पंचायत सदस्य के महिला प्रत्याशी जोया खान ने कहा कि बंजरिया महोत्सव के अवसर पर कुश्ती का आयोजन किया गया है और ग्रामीण क्षेत्र के पहलवान उपस्थित होकर कुश्ती लड़ रहे है। उन्होंने कहा कि मुझे चुनाव लड़ना है सेवा करने का अवसर मिला तो वार्ड.नं02 के क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने का कार्य करूँगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही को कुश्ती के आयोजकों ने हनुमान जी के गद्दा लेकर सम्मानित किया साथ ही सूर्य प्रताप शाही को एक विशाल एवं आकर्षक माला उन्हें पहनाकर सम्मानित किया गया साथ ही सभी अतिथियों को मेला समिति के सदस्यों ने माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत पथरदेवा के अध्यक्ष कमलेश उर्फ क्रान्ति सिंह,जीपू शाही,ग्राम प्रधान अब्दुल सलाम,कादिर खान,रवीन्द्र कुशवाहा,गुड्डू मिश्रा, राम प्रताप सिंह,युगुल किशोर तिवारी,जिला पंचायत सदस्य सुजीत प्रताप सिंह,राहुल पाण्डेय,मुकेश कुमार राकेश,अब्बुल हसन,विनोद भगत,संजय सिंह,पारसनाथ यादव,रामाशीष मौर्या,सपा युवा नेता सद्दाम हुसैन,ग्राम प्रधान मुन्ना यादव आदि उपस्थित रहे। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ग्राम प्रधान अब्दुल सलाम के द्वारा कराये गये विकास कार्यो की सराहना किया। संचालन राधव पाण्डेय एडवोकेट ने किया।

दुकानदार से मारपीट और छिनैती का आरोप

सोहनपुर, देवरिया। बनकटा थाना क्षेत्र के सिकरहटा गांव में दुकान बंद कर घर लौट रहे एक दुकानदार के साथ मारपीट कर रुपये छीनने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने बनकटा थानाध्यक्ष को लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।शिकायती पत्र के अनुसार, सिकरहटा गांव निवासी रामदयाल कुशवाहा पुत्र अमर कुशवाहा 9 नवंबर 2026 की रात करीब नौ बजे सोहनपुर स्थित अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। आरोप है कि प्राथमिक विद्यालय के पास पहुंचने पर कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद आरोपियों ने कथित रूप से उन्हें बाइक से उतारकर मारपीट की।पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान उसकी जेब से करीब 6,500 रुपये निकाल लिए गए। किसी तरह वहां से बचकर निकलने के बाद उन्होंने डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। इस संबंध में बनकटा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मौर्य ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

राहुल गुप्ता सपा उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत

पथरदेवा(देवरिया)-समाजवादी अधिवक्ता सभा जनपद देवरिया के जिलाध्यक्ष दिव्यांशपति त्रिपाठी ने नगर पंचायत पथरदेवा निवासी राहुल गुप्ता एडवोकेट पुत्र मदनमोहन गुप्ता को समाजवादी पार्टी में आस्था रखने पर उन्हें समाजवादी अधिवक्ता सभा जनपद देवरिया का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।जिलाध्यक्ष दिव्यांशपति त्रिपाठी ने राहुल गुप्ता (एडवोकेट) से पूरी उम्मीद एवं विश्वास जताया है कि राहुल गुप्ता सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नीतियों में विश्वास को देखते हुए पार्टी के जनाधार को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देंगे।



पेट्रोल पंप पर विवाद के बाद घर पहुंचकर मारपीट, कई घायल

सोहनपुर, देवरिया। बनकटा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव पेट्रोल पंप पर हुए विवाद घर पर मारपीट हो गया ।मिली जानकारी के अनुसार मुकेश कुमार पुत्र नन्दलाल सोहनपुर स्थित पेट्रोल पंप पर अपनी मोटरसाइकिल में तेल भरवाने गए थे। वहां से निकलते समय विशाल पुत्र लक्ष्मण कुशवाहा से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उसके बाद दोनो पक्षों मे घर आकर मारपीट हो गया जिसमे कई लोग घायल हो कर अलग अलग अस्पताल मे इलाज करवाने मे लग गए। इस बावत थानाध्यक्ष बनकटा दिनेश कुमार मौर्य ने बताया कि दोनो पक्षों से शिकायत नही मिली है ।शिकायत मिलने पर जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जायेगी।